प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पंतनगर किसान मेले में गाभिन बछियों एवं कटियों की नीलामी

पंतनगर। 14 अक्टूबर 2023। किसान मेले में आज शैक्षणिक डेयरी फार्म पर संकर एवं साहीवाल बछियों एवं भैंस की कटियों की नीलामी का आयोजन किया गया। नीलामी में 2 संकर बछियों 4 साहीवाल बछियों एवं 2 भैंस की कटियों की नीलामी हुई। संकर बछियों की अधिकतम बोली श्री बलविन्दर सिंह निवासी जयनगर द्वारा 60 हजार रूपये, साहीवाल बछियों की अधिकतम बोली श्री सलामत खान निवासी बाजपुर द्वारा 58 हजार रूपये एवं भैंस की कटियों की अधिकतम बोली श्री निरभान सिंह निवासी शाहजहाँपुर द्वारा 74 हजार रूपये की लगी। नीलामी में कुल 8 पशु 4 लाख 74 हजार रूपये में नीलाम हुए। नीलामी के दौरान डा. एस.के. सिंह, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डेयरी फार्म, डा. सुनील कुमार, सहायक निदेशक, शैक्षणिक डेयरी फार्म, डा. शिव कुमार, प्राध्यापक पशुधन उत्पादन प्रबंध विभाग, डा. ए.के. घोष, प्राध्यापक पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग, डा. मृदुला शर्मा, सहायक प्राध्यापक, पशु प्रसूति विज्ञान विभाग, डा. संदीप कुमार तलवार, पशुचिकित्साधिकारी शैक्षणिक डेयरी फार्म, श्री ए.के. सिंह, सहायक भण्डार क्रय अधिकारी एवं अजय तिवारी, प्रभारी पशुशाला अनुभाग, शैक्षणिक डेयरी फार्म उपस्थित रहें। नीलामी में 19 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा लगभग 200 अन्य किसान उपस्थित रहें।

किसान मेले में शैक्षणिक डेयरी फार्म पर बछियों की नीलामी में प्रतिभाग करते किसान।

निदेशक संचार